# जनप्रतिनिधियों ने लिया तंबाकू मुक्त समाज का संकल्प




टीएडी सभागार में तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत षपथ दिलाते मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खुशपाल सिंह राठौड़।

- टीएडी सभागार में आयोजित हुआ तंबाकू मुक्त युवा अभियान का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**बांसवाड़ा, (निसं)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खुशपाल सिंह राठौड़ के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित टीएडी सभागार में तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तीसरे चरण के तहत जनप्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राठौड़ ने कहा कि तंबाकू न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि समाज के आर्थिक और सामाजिक ढांचे पर भी नकारात्मक असर डालता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करें और युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने में सहयोग दें।

कार्यक्रम के दौरान अरथूना क्षेत्र के प्रशासक प्रकाश चरपोटा ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे तंबाकू की लत को छोड़कर एक स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाया जा सकता है। उनके अनुभवों ने पूरे सभागार में प्रेरणादायी माहौल बना दिया। चरपोटा के संबोधन के बाद उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने जीवनभर तंबाकू नहीं खाने का संकल्प लिया।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र को अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भरतराम मीणा ने संबोधित किया। उन्होंने तंबाकू के सेवन से होने वाले कैंसर, हृदय रोग, दांत और फेफड़ों से संबंधित दुष्प्रभावों की जानकारी दी और बताया कि तंबाकू नियंत्रण कानूनों का पालन सुनिश्चित करना भी प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राहुल डिंडोर, विभिन्न ब्लॉकों के स्वास्थ्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन और प्रशिक्षक के रूप में डॉ. हेमलता जैन ने उद्बोधन दिया। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को अभियान के आगामी चरणों की रूपरेखा से भी अवगत कराया। इस दौरान से वीरेंद्र सिंह चौहान, कविता सीके, अर्चना भट्ट, मनन जैन, सुरेंद्र जोशी, रामदास, कचरू यादव, भगवती मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से यह संदेश दिया कि स्वस्थ समाज की नींव तंबाकू मुक्त जीवन से ही संभव है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खुशपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि सभी सरकारी अस्पताल में ही जांच करवाने के लिए आमजन को प्रेरित करे। उन्होंने सरकारी संस्थानों की मजबूती पर प्रकाश डाला। इस दौरान सीएमएचओ और डिप्टी सीएमएचओ स्टेज के बजाए जनप्रतिनिधियों के बीच बैठे हुए दिखाई दिए। उनकी सादगी के कारण सभागार में जनप्रतिनिधि भी प्रसन्न हो गए।

## सार-समाचार

### चोरी मामले में नहीं लगा सुराग

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवडा थाना क्षेत्र के चूडियावाडा गांव में 15 दिन पहले हुई दिनदहाडे चोरी का सुराग न मिलने से आक्रोशित ग्रामीण एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी को ज्ञापन सौंपकर मामले का खुलासा करने और विशेष टीम गठित करने की मांग की है। यह घटना 17 अक्टूबर को दोपहर करीब 1 बजे हुई थी। चोरों ने गरवर सिंह पुत्र मोड सिंह के घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोडकर एक लाख दस हजार रुपए नकद और सोने.चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे। पंद्रह दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई विशेष टीम गठित न किए जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश था। उन्होंने एसपी मनीष कुमार से मुलाकात कर मामले की जांच के लिए विशेष टीम के गठन और जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने की मांग की। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि नई पुलिस टीम और साइबर सेल का गठन कर मामले में त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद ग्रामीणों ने भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक रणोली और भाजपा नेता सुशील कटारा को भी ज्ञापन सौंपकर चोरी का खुलासा करने की मांग की। इस दौरान पर्वत सिंह, नाहर सिंह, रणजीत सिंह, केसर सिंह, गौतम पाटीदार, समानता मंच के कमलेन्द्र सिंह अमृतिया, पद्मसिंह पुनाली, सरपंच हरीश मीणा, मनोहर सिंह, गटूसिंह, करण सिंह, देवीसिंह, फतेहसिंह और तख्तसिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### तापमान घटा,सर्दी का अहसास

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर में पश्चिमी विक्षोभ का असर गुरुवार को भी देखने को मिला। चार दिनों से आसमान में छाए बादल आज भी मंडराते रहे। सुबह के समय हल्की फुहारों के बाद दोपहर के समय रिमझिम ओर बूंदाबांदी हुई। इससे तापमान में गिरावट के साथ सर्दी का अहसास होने लगा है। मौसम विभाग की ओर से गुरुवार को भी डूंगरपुर जिले में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। चार दिनों से डूंगरपुर के आसमान में बादलों का पहरा है। पहले दो दिन रुक रुककर रिमझिम ओर हल्की बरसात के बाद बुधवार का दिन सामान्य रहा। वहीं, गुरुवार को दिन खुलने के साथ ही आसमान में बादल छाए रहे। कुछ समय के लिए हल्की फुहारें गिरी। इसके बाद बादलों की वजह से दिन में शाम की तरह अहसास रहा। दोपहर करीब 12 बजे अचानक मौसम बदला और रिमझिम के साथ ही हल्की बरसात शुरू हो गई। इससे डूंगरपुर जिले का तापमान 28 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं, तापमान में गिरावट के साथ ठंड का असर बढ गया है। लोग ठंड के साथ ही बारिश से बचाव का जतन कर रहे हैं। वहीं, बारिश की वजह से खेत खलिहानों में पडी फसलें भी खराब हो गई हैं।

### आरोपी वाहन मालिक गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** धम्बोला थाना पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहे वाहन मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी करीब तीन माह से फरार चल रहा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। धम्बोला थानाधिकारी ने बताया कि धम्बोला पुलिस की ओर से अगस्त 2025 में अवैध शराब से भरी एक कार को जब्त किया था। वहीं, एक तस्कर को गिरफ्तार किया था। मामले में एक तस्कर फरार हो गया था। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार तस्कर ने तस्करी में प्रयुक्त कार का ब्यावर निवासी प्रीतम सिंह की होना बताया थाए जिसकी पुलिस तलाश कर रही थीए लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा था। पुलिस की ओर से फरार चल रहे बदमाशों की धरपकड के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मुखबिर के जरिए मिली सूचना पर पुलिस ने ब्यावर निवासी वाहन मालिक प्रीतम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

### अन्नकूट महोत्सव संपन्न

**डूंगरपुर, (निसं)।** सेवक समाज के नोहरे में गत रात्रि को भजन कीर्तन के साथ अन्नकूट समारोह सम्पन्न हुआ, जिसमें स्वामीनारायण के संत परम मुनिस्वामी तथा नारायण प्रकाश स्वामी के सत्संग का लाभ प्राप्त हुआ परम मुनिस्वामी ने बताया कि जो ईश्वर से जुडा हुआ है, उसके घर रोज दिवाली है। उसके पास रोज आनंद ही आनंद है, हमें भगवान से प्रार्थना करनी होगी कि हमारे अंतर्मन में प्रकाश हो हमें भगवान के दर्शन हो,अन्नकूट के मर्म को समझाते हुए स्वामी ने बताया कि नए अन्न का ढेर करना ही अन्नकूट है। अन्नकूट महोत्सव भगवान से जोडने तथा ईश्वर को पहचानने का महोत्सव है। आयोजन में राजेश भाई पटेल ने मंच संचालन किया व स्वामीजी के परिचय के साथ मनोज पटेल भजन गायक लक्ष्मीकांत जेठवा, संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष व तबला वादक ओमप्रकाश जेठवा, ढोलक वादक कचरू सोमपुरा, केतन शाह, बृजेश सोमपुरा, दीपक श्रीमाली, जय जगन्नाथ कीर्तन मंडल, हितेश सोमपुरा, हेमंत कलाल, इत्यादि भक्त जनों ने स्वामी जी को माला पहना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### कृषि विज्ञान केन्द्र पर किसान गोष्ठी

**उदयपुर, (कासं)।** विद्या भवन कृषि विज्ञान केन्द्र एवं केन्द्रीय भेड़ ऊन अनुसंधान संस्थान, बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि निदेशक, केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान (सीएसडब्ल्यूआरआई), अविकानगर, डॉ. अरुण कुमार तोमर थे। इस अवसर पर डॉ. तोमर ने उदयपुर जिले की फलासिया तहसील के गांव बड़ा भीलवाड़ा, एवं कोट के किसानों को किसान गोष्ठी में संबोधित करते हुए कहा कि किसानों कोखेती- बाड़ी के साथ-साथ अच्छी नस्ल के भेड़-बकरी व मुर्गी पालन करने के लिए आव्हान किया। इस दौरान अच्छे पशुपालन के लिए सही नस्ल के अच्छी गुणवत्ता के पशुओं का चयन करके नस्ल में सुधार करके अच्छा मुनाफा लेने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही कहा की किसानों को पशुपालन से सम्बंधित नवीनतम तकनीकों को सीखने व अपनाने के लिए केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान द्वारा 7 राज्यों में व केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान पर भ्रमण करवाया जायेगा। कार्यक्रम में हसमुख कुमार, संजय धाकड़, डॉ. भगवत सिंह, डॉ. जीवन राम जाट, डॉ. मनप्रीत सिंह, डॉ. सीमा डांगी आदि मौजूद रहे।

## एकता मार्च का होगा आयोजन

**डूंगरपुर, (निसं)।** सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती वर्ष एवं जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनजाति गौरव वर्ष 2025 भगवान बिरसा मुंडा 150 वीं जयंती वर्ष पर एक नवंबर से 15 नवंबर तक विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।इस संदर्भ में गुरुवार को मुख्य सचिव सुधांशु पंत ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों की बैठक ली। उन्होंने राष्ट्रीय एकता दिवस, धरती आबा, खेलो इंडिया के अंतर्गत विभाग वार निर्धारित कार्यक्रमों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। इस दौरान डूंगरपुर डीओआईटी सभागार में जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, उपायुक्त टीएडी सत्य प्रकाश कासबा सहित जिला स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहें। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली तथा 31 अक्टूबर को आयोजित किए जाने वाले एकता मार्च हेतु रूट निर्धारण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर , 31 अक्टूबर को प्रात: 7.30 बजे लक्ष्मण ग्राउंड से से एकता मार्च का आयोजन किया जाएगा।

## नौ माह की प्रतीक्षा के बाद भाजपा देहात जिला की कार्यकारिणी घोषित

- 43 पदाधिकारियों की टीम में सभी गुटों का रखा ध्यान
- 9 महिलाओं को भी मिली जगह

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में भाजपा देहात जिले की कार्यकारिणी घोषित हो गई है। देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली ने गुरुवार को इसकी सूची जारी की। कार्यकारिणी में कुल 43 पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। इसमें 9 महिलाओं को भी जगह मिली है।

देहात कार्यकारिणी की सूची में जातिगत समीकरणों का भी ध्यान रखा गया है। इस कार्यकारिणी में कई चेहरे नए हैं तो कुछ रिपीट भी हुए हैं। तेली ने अपनी टीम में 3 के बजाय 2 महामंत्री बनाए हैं। जबकि 7 उपाध्यक्ष,8 मंत्री,6 प्रवक्ता बनाए हैं।पुष्कर तेली जनवरी में देहात जिलाध्यक्ष बने थे। इसके बाद से कार्यकारिणी बनने का कार्यकर्ताओं में इंतजार था। 9 महीने बाद तेली ने जिले की कार्यकारिणी की घोषणा की है।

कार्यकारिणी में ललित सिंह और कन्हैयालाल मीणा जिला महामंत्री बनाए गए। वहीं जिला उपाध्यक्ष पद पर रोशनलाल सुथार,शांतिलाल मेघवाल, चन्द्रशेखर जोशी, सोनल मीणा, घनश्याम मेनारिया,नरेन्द्र आसोलिया और दीपक शर्मा को मौका मिला। जिला मंत्री के रूप में ऋतु अग्रवाल,भूरालाल पटेल, संजय मेहता, कर्ण सिंह पंवार, खुशबु कुंवर, अमित कलाल, लक्ष्मी अहारी और निर्मल गरासिया को जिम्मेदारी दी गई है।देहात कार्यकारिणी में सभी विधानसभाओं का ध्यान रखते हुए हर क्षेत्र के नेता को मौका मिला है। इस टीम में गुलाबचंद कटारिया गुट के साथ ही प्रमोद सामर गुट और हर विधानसभा के विधायक या विधायक प्रत्याशी के करीबी नेताओं को भी शामिल किया गया है।

देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली के अनुसार पार्टी में वरिष्ठ नेताओं की आपसी राय.मशवरा के बाद सभी फाइनल किए गए है। युवाओं और महिलाओं को पूरी तवज्जो देने की कोशिश की है। देहात जिला की नई टीम अब मिलकर संगठन को और ज्यादा मजबूत करने का काम करेगी। सबका फोकस पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने पर है।भाजपा की देहात जिला की इस सूची की घोषणा को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा इंतजार था। हालांकि लंबे वक्त से इस सूची के होल्ड होने के पीछे गुटबाजी और विरोध को रोकना एक बडी वजह थी। इस साल जनवरी में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने 33 वर्षीय पुष्कर तेली को जिलाध्यक्ष बनाया था। उस दौरान जिलाध्यक्ष पद की न्यूनतम आयु को लेकर तेली का विरोध भी हुआ था।संगठन ने अपने नियमों में जिलाध्यक्ष के लिए न्यूनतम आयु 45 तय कर रखी थी जबकि उन्हीं नियमों से अलग 12 साल छोटे पुष्कर तेली को मौका मिला था। मूल रूप से गोगुंदा के रहने वाले पुष्कर तेली वर्तमान में उप जिलाप्रमुख भी हैं। वे इससे पहले गोगुंदा पंचायत समिति के प्रधान भी रह चुके है। पार्टी में उनका अनुभव नहीं रहा है।

उल्लेखनीय है कि 16 अगस्त को बीजेपी के शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड ने 41 नेताओं के नाम की सूची जारी की थी।

## गौ सेवा मानवता की सर्वोच्च सेवा : माहेश्वरी

**राजसमन्द, (निसं)।** गौ माता की आराधना, पूजा एवं सेवा के इस पावन महापर्व गोपाष्टमी के अवसर पर राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि गौ सेवा मानवता की सर्वोच्च सेवा है गौशालाओं की स्थापना केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का परिचायक है। विधायक ने कहा कि गौशाला के संचालन और देखभाल में पारदर्शिता सुनिश्चित होनी चाहिए ताकि किसी प्रकार का पक्षपात न हो और व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।

विधायक ने पशुओं में गाय को सर्वोत्तम बनाया है। यदि इस संसार में गाय नहीं होती तो हमारे लिए जीवन यापन करना बहुत ही कठिन हो जाता। इसलिए गायों की सेवा व सुरक्षा से ही विश्व का कल्याण सम्भव है। इस पवित्र अवसर पर हम सभी गौमाता की सेवा, संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लें। गौमाता हमारी संस्कृति, करुणा, मातृत्व एवं समृद्धि की सजीव प्रतीक हैं। भारतीय संस्कृति में गौमाता का स्थान सर्वोच्च है। विधायक माहेश्वरी ने भजनलाल सरकार के गौ सेवा लक्ष्य को दोहराते हुए कहा कि हमारी परंपरा में गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और करुणा की अभिव्यक्ति है।

## सार-समाचार

### अतिक्रमण हटाने की मांग



**डूंगरपुर, (निसं)।** भाजपा की सरकार में स्थानीय सागवाडा कोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए सागवाडा नगरपालिका क्षेत्र के बाहुबली कॉलोनी की जमीन पर खुद नगरपालिका अध्यक्ष सहित कुछ भूमाफिया द्वारा अतिक्रमण किया था,जिसको गलत बताते हुए कोर्ट ने आदेश दिया था कि उक्त अतिक्रमण हटाया जावे इस फैसले के बाद अतिक्रमण हटाया गया,लेकिन भाजपा सरकार में नगरपालिका बोर्ड अध्यक्ष खुद ओर अन्य भूमाफियाओ के साथ मिलकर अतिक्रमण कर रहे जो अपने पद का दुरूपयोग कर आमजन के साथ खिलवाड कर रहे हे ओर नगरपालिका की जमीन को छीनने का प्रयास किया जा रहा है जिसको लेकर गुरुवार को कांग्रेस पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा कर मांग की है कि अविलंब बाहुबली कॉलोनी में अतिक्रमण हटाकर नगरपालिका की भूमि को आजाद किया जाए और पालिका अध्यक्ष सहित भूमाफियाओं को पाबंद किया जावे कि बार बार ऐसे कृत्य नहीं करें।इस अवसर पर एआईसीसी सदस्य दिनेश खोडनिया, संगठन महासचिव कृष्णराज सिंह, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष राजू भाई शेख,पार्षद भरत जोशी, इस्माईल बिल्ला, गटा भागरीया,जवाहर रोत,अशोक रोत, वरिष्ठ नेता नानूराम माली, गौतम पाटीदार, ब्लॉक अध्यक्ष धीरज मेहता, उपाध्यक्ष बंशीलाल साद, नगर अध्यक्ष लक्ष्मीलाल काका,सुखदेव यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य गौरव यादव,एनएसयूआई महासचिव अरविन्द यादव, एडवोकेट विवेक दीक्षित, पूर्व पार्षद मनोहर कंसारा, सुरेश फुमतिया, दशरथ ननोमा, डायालाल पाटीदार आदि मौजूद थे।

### चैन खींचकर भागने वाला गिरफ्तार

**राजसमन्द, (निसं)।** विगत दिनों कांकरोली बसस्टैण्ड से महिला की चैन खींचकर भागने वाले आरोपियों को कांकरोली थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रार्थी चुन्नी लाल पिता भंवर लाल पंचोली निवासी नया बाजार कांकरोली थाना कांकरोली ने उपस्थित हो थाने में रिपोर्ट दी कि बस स्टेण्ड कांकरोली पर मेरी भाभी, भतिजियां बस में बिठाने के लिये बस स्टेण्ड कांकरोली गई उस दौरान तीन लडके मोटर साईकिल सवार ने मेरी भाभी की गले में पहनी सोने की चैन खींचकर छीन ले गये वहां पर हल्ला करने पर कई लोग इकट्ठे हो गये एवं लोगों ने उन चोरों का पिछा किया परन्तु वह भाग गये। उस दरमियान मेरे भाई मांगीलाल पंचोली की तबियत खराब होने से रिपोर्ट नहीं लिखा पाये। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर कर अनुसंधान शुरू किया ।प्रकरण की घटना को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पारीक के निर्देशन एवं वृताधिकारी विवेक सिंह के निकटतम सुपरविजन में व हंसाराम सिरवी पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी कांकरोली के नेतृत्व मे सम्पति सम्बन्धी व चैन स्कैचिंग की वारदातों का खुलासा करने एवं मुल्जिमान की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा भरसक प्रयास कर 100 अधिक सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये एवं मुखबीर तंन्त्र एवं पुलिस मित्रों सेसूचना सकंलित कर राहुल मेघवाल पिता राजु मेघवाल (20) निवासी देवली थाना डुंगला जिला चित्तौडगढ हाल आवरीमाता थाना भदेसर जिला चित्तौडगढ एवं धर्मेन्द्र उर्फ महेन्द्र पिता केशुराम जाति रेगर उम्र 20 साल निवासी आवरीमाता थाना भदेसर जिला चित्तौडगढ को आवरी माता चितौडगढ से दस्तयाब कर न्यायलय में पेश किया गया।

### अन्नकूट महोत्सव 2 नवम्बर को

**उदयपुर, (कासं)।** हिरणमगरी सेक्टर 4 स्थित दातापति हनुमान मंदिर में 2 नवम्बर (रविवार) को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।मंदिर के महंत रामदास वैष्णव ने बताया कि इस अवसर पर भगवान राम दरबार, ठाकुरजी महाराज, गजानंदजी, वैष्णोंदेवी, सर्वेश्वर महादेव, दातापति हनुमान एवं राडाजी महाराज का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर को आकर्षक रंग-रोगन, पुष्प मालाओं और विद्युत सजावट से सजाया गया है। दीपमालाओं और झालरों की रोशनी से मंदिर परिसर जगमगा उठा है। भक्तों के आगमन के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। इस अवसर पर 56 प्रकार के भोग तैयार किए जाएंगे, जिन्हें भगवान को अर्पित किया जाएगा। महंत वैष्णव ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव की धार्मिक श्रृंखला की शुरुआत 28 अक्टूबर, मंगलवार को मंदिर में हुए संगीतमय सुंदरकांड पाठ से हुई। इस अवसर पर करुणा निधान परिवार के रितेश जोशी एवं पवन शर्मा ने सुंदरकांड पाठ में अपनी मधुर प्रस्तुति दी। पाठ के दौरान वातावरण भक्ति और भजनों की सुरधारा से गुंजायमान रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान हनुमान के जयकारों से मंदिर भक्तिमय हो गया। महंत ने आगे बताया कि 5 नवम्बर, बुधवार को मंदिर में राडाजी महाराज की प्रसादी का आयोजन होगा, जिसमें भक्तों को प्रसाद ठाहण कराने की व्यवस्था की गई है। वहीं 8 नवम्बर, शनिवार को मंदिर परिसर में संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय भजन मंडलियाँ अपनी प्रस्तुति देंगी। अन्नकूट महोत्सव के दिन कृष्णांगन, आदर्शनगर, पीसपार्क, सर्वतम कॉम्प्लेक्स और आसपास की कॉलोनियों के सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे

# महिलाओं की सुरक्षा के साथ उन्हें सशक्त बनाने के लिए मिलकर करें प्रयास : एसपी




बालिका एवं महिला सुरक्षा विषयों पर जागरूकता के लिए जिला प्रशासन, राजसमंद द्वारा आयोजित कार्यशाला में मंचासीन जिला पुलिस अधीक्षक व अन्य अतिथि।

- पुलिस अधीक्षक डॉ. ममता गुप्ता ने कहा कि समाज में सुरक्षा सखी की अहम भूमिका है, आमजन एवं पुलिस के बीच सेतु बनाने का कार्य सुरक्षा सखी का है
- सुरक्षा सखियों का जिला स्तरीय संवाद कार्यक्रम सम्पन्न, कार्यक्रम में 120 सुरक्षा सखियों ने भाग लिया

**राजसमंद, (निसं)।** राजस्थान पुलिस मुख्यालय के निर्देशों की पालना में बालिका एवं महिला सुरक्षा विषयों पर जागरूकता के लिए जिला प्रशासन, राजसमंद पुलिस, राजीविका व पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम के सहयोग से जिले के सभी पुलिस थानों पर चयनित सुरक्षा सखियों की एक कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को जिला परिषद सभागार राजसमंद में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. ममता गुप्ता ने कहा कि समाज में सुरक्षा सखी की अहम भूमिका है, आमजन एवं पुलिस के बीच सेतु बनाने का कार्य सुरक्षा सखी का है। महिलाएं संवेदनशील होती है और सुरखा सखियों का दायित्व है कि हर जरूरतमंद व पीडित महिला को सुरक्षित एवं सकारात्मक माहौल उपलब्ध कराने के लिए पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें और उन्हें वर्तमान परिपेक्ष्य के प्रति जागरूक करते हुए आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने का प्रयास करें। उन्होंने समाज में बेटियों को शिक्षित व जागरूक करते हुए अभिभावकों के निर्णय के अनुसार बेहतर भविष्य का निर्माण करने और बच्चों को मोबाइल से दूर रहने व अन्य सभी को भी मोबाइल का सीमित व सदुपयोग करने का आ ान किया। एसपी गुप्ता ने साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना करनेए सतर्क रहने और किसी भी अनजान नंबर या एप पर अपने से संबंधित कोई भी जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पारीक ने बालकों की सुरक्षा और विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाल संरक्षण हम सभी का दायित्व है। ऐसे में आप पुलिस विभाग के सहयोग से अपने क्षेत्र में कार्य करते हुए बाल संरक्षण को प्राथमिकता देवे। बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन एवं बाल श्रम के रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाते हुए 1098 या अन्य हेल्पलाइन नंबर या संबंधित विभाग को सूचित करें। उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए स्थापित वन स्टॉप सेंटरए महिला सलाह एवं सुरक्षा केन्द्र, महिला हेल्प डेस्क आदि के बारे में जानकारी दी।

यूनिसेफ की संभागीय बाल संरक्षण सलाहकार सिंधु बिनुजीत ने बताया कि युनिसेफ राजस्थान के सहयोग से पुलिसिंग फ ॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने सुरक्षा सखियों के दायित्व एवं भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पुलिस विभाग के सहयोग से रेंज के सभी थानों में कार्यरत सुरक्षा सखियों द्वारा समय-समय पर बालकों के संरक्षण और उन्हे शिक्षा से जोडने के लिए निरन्तर प्रयास किए जाते है, जिनमें गुमशुदा बालकों को उनके परिवार से मिलाने, बाल विवाह रोकथाम में सक्रिय भूमिका, महिला एवं बालिका सुरक्षा, शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा से जोडने में सहयोग करना, दुर्व्यवहार से पीडित बालकों के प्रकरणों में त्वरित अनुसंधान जैसे कार्य किये जा रहे है। जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुमन अजमेरा ने कहा कि परिवार एवं समाज में महिलाओं की अहम भूमिका है। आप सभी महिलाओं के बीच जाकर कार्य कर रही है यह अच्छी बात है एक महिला की भावना दूसरी महिला सहजता से समझ सकती है।

कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के सदस्य बहादुर सिंह, राजीविका की डीआरसी हेड प्रीति लोधा, पुलिस विभाग महिला सेल के सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मणसिंह राणावत, जिले के सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी एवं कार्यक्रम टीम के दिलीप सालवी सहित लगभग 120 सुरक्षा सखियों ने भाग लिया।

# मतदाता सूची की शुद्ध व पारदर्शिता में बनें भागीदार : डॉ. यादव



विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक दलों और मीडिया कर्मियों को जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ इंद्रजीत यादव।

**बांसवाड़ा, (निसं)।** मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्षिता के लिये विषेश गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है ऐसे में सभी राजनीतिक दल, जागरूक नागरिक एवं प्रबुद्धजन इस कार्य में अपनी भागीदारी निभाएं। उक्त आह्वान जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ इंद्रजीत यादव ने जिले के राजनीतिक दलों और मीडिया प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में किया।

उन्होंने राजनीतिक दलों के पदाधिकारी और मीडिया प्रतिनिधियों को गणना प्रपत्र, वितरण, दावे एवं आपत्ति होने पर नोटिस जारी करने की अवधि तथा अंतिम सूची प्रकाशन तक की पूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना है। जिले में संबंधित बीएलओ द्वारा वर्तमान मतदाताओं की मैपिंग पूर्व एसआईआर 2002 की मतदान सूची से मैपिंग का कार्य किया जाएगा। एसआईआर कार्यक्रम के तहत 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्र के मुद्रण का कार्य होगा। 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर-घर गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रहण का कार्य होगा। 9 दिसंबर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा एवं 8 जनवरी तक दावे एवं आपत्तियां ली जायेंगी। 9 दिसंबर से 31 जनवरी तक नोटिस फेज रहेगा जिसमें सुनवाई एवं सत्यापन किया जाएगा। 7 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दस्तावेजों की आवश्यकता पड़ने पर 13 प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत किए जा सकते हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बीएलए नियुक्त करने की जानकारी दी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव द्विवेदी एवं निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के योगेश दिवाकर ने जिले की परम्पराओं को देखते हुए यह प्रयास सुनिष्चित करने की जरूरत बताई।